RAF SECTOR
NEWS CLIP
01/12/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Paayaniyar,Meerut, (New Delhi)

चंडीगढ़ पुलिस के 118 जवानों ने दंगा और भीड़ नियंत्रण का लिया प्रशिक्षण

मेरठ स्थित लोक व्यवस्था अकादमी में एक माह में जवानों ने दक्षता हासिल की

पायनियर समाचार सेवा । नई दिल्ली/मेरठ

लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ द्वारा चंडीगढ़ पुलिस के 118 (77 पुरूष व 41 महिला) जवानों को दंगा व भीड़ नियंत्रण करने में एक माह के प्रशिक्षण कोर्स में दक्षता हासिल की। 1 नवंबर से 30 नवंबर तक चले इस प्रशिक्षण शिविर कोर्स का विधिवत समापन रैपो मेरठ के प्रांगण में मंगलवार को अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो के द्वारा किया गया।

एक माह के प्रशिक्षण के दौरान चंडीगढ़ पुलिस के जवानों को एंटी राईट/मॉब कंट्रोल के सभी तकनीकी पहलुओ के साथ ही आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों और विशेष तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त कोर्स के दौरान इन जवानों को भीड़ नियंत्रण, भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, पुलिस पब्लिक व्यवहार, सांप्रदायिक सद्भाव, फायर फाइटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन/मुनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों से परिचय, विशेष वाहनों जैसे वज्र, वरूण , दंगा विरोधी ड्रिल, मानवाधिकार के साथ-साथ दंगा नियंत्रण से संबंधित विभिन्न केस स्टडीज के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रथम स्थान पर बेल्ट नं. 650 सिपाही (महिला) पिंकी, द्वितीय स्थान पर बेल्ट नं. 756 सिपाही (महिला) रमनप्रीत कौर और तृतीय स्थान पर बेल्ट नं. 817 सिपाही (महिला) सुदेश कुमारी रही।

अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा इन सभी कार्मिकों को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और अन्य सभी कार्मिकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षणों को उनके लिये अत्यंत उपयोगी बताया। इस समारोह में सदा राम सिंह, उप कमाण्डेंट, हरीश चन्द्र सिंह नेगी, उप कमांडेंट, नीरज कुमार झा, उप कमांडेंट, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, अजीत कुमार, सयक कमांडेंट, गोविन्द सिंह नेगी, सहायक कमांडेंट सहित प्रशिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।

Prabhat Khabar, Jamshedpur, (JKD)

रैफ 106 बटालियन ने मनाया 32वां स्थापना दिवस, परेड व बड़ा खाना के साथ समापन आज

हर व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए : कमांडेंट

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए. रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है. उक्त बातें रैफ 106 के कमांडेंट डॉ निशीत कुमार ने मंगलवार को रैफ 106 के 32वां स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित रक्तदान शिविर में कहा. कमांडेंट डॉ निशीत कुमार और उनके बेटे अर्जव सिंह ने रक्तदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस मौके पर 100 कर्मियों ने रक्तदान किया.

कल्याण मेला का भी किया गया आयोजन : रक्तदान शिविर के बाद पारिवारिक अवास परिसर में कल्याण मेला का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन कमांडेंट डॉ निशीत कुमार और उनकी पत्नी बबीता सिंह ने की. मेला में खेल-कूद, खान-पान सहित कई सामान का स्टॉल लगाया गया था. वहीं, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला व खिलौना का स्टॉल भी लगाया गया था.

इस मौके पर म्यूजिकल चेयर रेस, जलेबी रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अंत में आरपी पटेल चेशायर होम सुंदरनगर के 100 दिव्यांग बच्चों को भोजन कराया गया. इस मौके पर सेकेंड कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्विनी कुमार सहित रैफ 106 के सभी अधिकारी और सदस्य मौजूद थे.

Dainik Prabhat, Jamshedpur, (JKD)

रैफ के 32वा स्थापना दिवस पर 100 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

जादूगोड़ा : पूर्वी सिंहभूम जिले के सुंदरनगर स्थिति रैपिड एक्शन फोर्स की 106 बटालियन ने अपना 32 वा स्थापना दिवस रक्तदान शिविर आयोजित कर शुभारंभ किया, ताकि जरूरमंद लोगो को इस रक्तदान से जान बचायी जा सकें। इस रक्त दान शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इधर इस रक्तदान शिविर में खास बात यह रही कि रैफ के कमांडेंट डॉ निशित कुमा और उनके पुत्र आरजो कुमार ने पहले रक्तदान कर रैफ जवानों को प्रोत्साहित किया। फिर क्या था रैफ के 106 बटालियन के 100 जवानों समेत महिला कास्टेबल ने भी रक्त दान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि सह कमांडेंट डॉ निशित कुमार ने रक्तदान के महत्व से जवानो को अवगत कराया तथा कहा कि इस तरह के आयोजन से सामान्य लोग भी रक्तदान के प्रति प्रेरित होते है। और समाज के लिए सबसे बड़े रक्तदान कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते है। इस रक्त दान शिविर को सफल बनाने ने कमांडेंट डॉ निशित कुमार,उनके पुत्र आरजो कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी शैलेन्द्र कुमार, डिप्टी कमांडेंट अनुज सिंह, विश्वदीप कुमार, अजित कुमार,आर एन मल्लिक, विजय कुमार, इंस्पेक्टर संतोष कुमार, महिला जवानों को ओर शिप्रा मिश्रा अवंतिका मजूमदार ने अहम योगदान दिया।

ऐसे आयोजनो से जवानों में आती है समरसता की भावना : बबिता सिंह

जादूगोड़ा : पूर्वी सिंहभूम जिले के सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स की 106 बटालियन की 32वा स्थापना दिवस पर जवानों व उनके परिवार के लोगो की मस्ती हेतु मेला का आयोजन किया गया, जहाँ दर्जनो स्वादिष्ट भोजन के स्टॉल लगाये गए थे। जिसका रैफ के जवानों व परिवार के लोगों ने अलग अलग व्यजनों का आनंद उठाया। इसके पूर्व कमांडेंट की पत्नी बबीता सिंह ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जवानों में समरसता आती है। इस दौरान मेले में लगे स्टॉल का उन्होंने अवलोकन किया और उसे सराहा। बच्चों ने भी मेले में लगे झूले में खूब मस्ती की।

World AIDS day, Blood Donation Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।